# पानी को संरक्षित करना हम सबकी जिम्मेदारी : राज्यपाल गुरमीत सिंह

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम पानी की बचत करें, जिससे आने वाले समय में पानी की दिक्कत न हो। इसी दिशा में राजभवन में वर्षा के जल को संरक्षित कर उसका पुनर्प्रयोग करने की पहल की गई है।



राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने वर्षा जल संरक्षण प्रणाली के कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में वर्षा के जल को संरक्षित कर उसे पुनः उपयोग में लाया जाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजभवन और आसपास के क्षेत्र में अधिक मात्रा में बारिश होती है और वह पानी बहकर चला जाता था। जल संरक्षण के लिए बनाए गए टैंक के निर्माण से अब उस पानी को स्टोर किया जा सकेगा। राज्यपाल ने कहा कि जल संरक्षण के लिए किए गए इस तरह के प्रयासों से जलस्तर में निश्चित ही वृद्धि होगी। उत्तराखण्ड में जल संरक्षण के लिए इस तरह के अन्य जगहों में भी इस तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। जिससे आने वाले समय में अवश्य ही जलस्तर में वद्धि होगी। इस कार्य में लगे अधिकारियों के कार्यों की सराहना की और कहा कि बहुत कम समय में ही इन कार्यों को सम्पन्न किया गया है।

प्रतिवर्ष 21.78 लाख लीटर वर्षा जल उपलब्ध होगा -

राजभवन में वर्षा जल संग्रहण प्रणाली के अंतर्गत बारिश के पानी को संरक्षित करने के लिए 200 किलो लीटर क्षमता के टैंक का निर्माण किया गया है। पूरे राजभवन परिसर में होने वाली बारिश के पानी को इस टैंक में एकत्रित किया जाएगा। इसमें प्रतिवर्ष 21.78 लाख लीटर वर्षा जल उपलब्ध होगा, जिसमें प्रतिवर्ष कुल 8.40 लाख लीटर वर्षा जल भूगर्भीय जल स्तर में वृद्धि और प्रतिवर्ष कुल 13.38 लाख लीटर वर्षा जल का उपयोग सामान्य कार्यों और बागवानी, परिसर की धुलाई इत्यादि कार्यों में किया जाएगा। इसके फलस्वरूप भूगर्भीय जल के दोहन में कमी और पेयजल का समुचित उपयोग किया जाएगा। इस योजना की कुल लागत 37.16 लाख रुपये है।

# हरियाणा से पांच दोस्तों के साथ आया युवक गंगा में स्नान करते हुए बहा

**हादसा**

8 अरविंद शर्मा पुत्र सुरेश कुमार ग्राम शैलिया बास, रेवाड़ी थाना रामपुर हरियाणा निवासी ऋषिकेश आया था।

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा से दोस्तों के साथ ऋषिकेश घूमने आया एक युवक राम झूला के निकट गंगा में स्नान करते हुए पांव फिसलने से गंगा नदी में बह गया। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान प्रारंभ कर दिया है।
एसडीआरएफ के प्रभारी कविंदर सजवान ने बताया कि शनिवार की सुबह 11:00 बजे अरविंद शर्मा 32 वर्ष पुत्र सुरेश कुमार शर्मा ग्राम शैलिया बास, रेवाड़ी थाना रामपुर



हरियाणा निवासी अपने पांच दोस्तों के साथ ऋषिकेश घूमने आया था। सभी लोग राम झूला के निकट नाव घाट पर गंगा स्नान करने लगे। तभी अरविंद का पांव फिसल गया और वह गंगा में बहने लगा। उसे बहता देख उसके दोस्तों ने शोर मचाया। सूचना एसडीआरएफ चौकी पर दी।
इस पर एचडीएफसी की टीम ने गंगा नदी में सर्चिंग अभियान चला रही है। समाचार लिखे जाने तक युवक का कुछ पता नहीं चल सका था।

## मेरी माटी, मेरा देश के तहत दिलाई शपथ

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान में आज एसएसपी अजय सिंह ने पुलिस कार्यालय में जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना अध्यक्ष व कार्यालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को अमृतकाल के पंचप्रण की शपथ दिलाई। साथ ही देश के शहीद वीर और वीरांगनाओं को सम्मान देते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया।
अमृत महोत्सव को मनाए जाने का उद्देश्य सभी को बताते हुए एसएसपी ने सभी को हर घर तिरंगा लगने के लिए प्रेरित किया और नागरिकों के दिल में अपने राष्ट्र के प्रति देशप्रेम की भावना जगाने व देश के वीर सपूतों के प्रति सम्मान की भावना को पैदा करने को प्रोत्साहित किया।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों और पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

**मेरी माटी, मेरा देश**

8 ब्लाक सभागार में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम की तहत 59 पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया।

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के विभिन्न स्थानों पर मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों और पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया।
जिले के पोखरी में नगर पंचायत की ओर से ब्लाक सभागार में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम की तहत 59 पूर्व सैनिकों को सम्मानित



किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद पंत ने की। नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद पंत और नायब तहसीलदार हरीशचंद्र पांडे ने 59 पूर्व सैनिकों जिसमें कैप्टन रमेश बत्र्वाल, कैप्टन नन्दन सिंह, मंगल सिंह, दिनेश सिंह, गोविन्द सिंह सहित तमाम पूर्व सैनिकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा यह मेरा सौभाग्य है जो आज पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने का मौका मिला है। इन पूर्व सैनिकों ने देश की सुरक्षा में जो संघर्ष किया है हमेशा याद रखा जाएगा। इस दौरान महिलाओं ने देश भक्ति गीतों पर नाटक प्रस्तुत कर शहीदों को नमन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रोशन पुंडीर, कैप्टन रमेश बत्र्वाल,नायब तहसीलदार हरीशचंद्र पांडे, डॉ. अभय श्रीवास्तव, डॉ. प्रेम सिंह, मन्दोदरी पंत, कैप्टन नन्दन सिंह आदि मौजूद थे।दूसरी ओर दशोली विकास खंड के बमियाला ग्राम प्रधान जगजीवन सिंह, कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष भगत कनियाल, पूर्व प्रधान भरत सिह, सरपंच गीता देवी की ओर से आजाद हिन्द फौज के स्वतंत्रता सैनानी बचन सिंह रावत और गंगा सिंह बिष्ट को याद कर परिवारजनों का माल्यार्पण कर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में पौधरोपण भी किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### विधानसभा अध्यक्ष ने सिद्धबली मंदिर में दर्शन कर की प्रदेश की खुशहाली की कामना

**देहरादून/कोटद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने पौराणिक सिद्धपीठ सिद्धबली बाबा हनुमान जी के दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।



शनिवार सुबह ऋतु खण्डूडी भूषण पौराणिक सिद्धपीठ सिद्धबली बाबा के धाम पहुंचीं। उन्होंने यहां पर विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि कोटद्वार में विगत दिनों से काफी भारी बारिश के कारण विभिन्न क्षेत्रों में आपदा आई है। वह धरातल पर कार्य कर रही हैं और इसी बीच वे बाबा सिद्धबली के दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने सिद्धबली बाबा से कोटद्वार में आपदा की संकट की घड़ी में सभी को कुशल और सुरक्षित बनाए रखने आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की।

### जैव विविधता को संरक्षित कर सतत विकास में योगदान देना मानव की जिम्मेदारी: तिवारी


**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं विश्वविद्यालय के शोध निदेशक प्रो. ललित तिवारी ने कहा मानव भी जैव विविधता का हिस्सा है। उसकी जिम्मेदारी है कि वह जैव विविधता को संरक्षित करे तथा सतत विकास में योगदान दे।
प्रो. तिवारी ने यह विचार कुमाऊं विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र में पर्यावरण विषय पर आयोजित पुनश्चर्या कार्यक्रम में उपस्थित देश के 60 प्रतिभागी प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने औषधीय पौधों पर व्याख्यान देते हुए कहा कि अब तक लगभग 12 से 18 प्रतिशत पौधों में औषधीय गुण ज्ञात हुए है। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व में पाये जाने वाले औषधीय पौधों में से 44 फीसद भारत में पाये जाते हैं। उन्होंने अस्टवर्ग पौधों की जानकारी देते हुए कहा कि इनमें से 5 प्रजातियां दुर्लभ श्रेणी में आ गई हैं, इसलिए इनके दोहन के साथ नई पौध भी लगानी आवश्यक है।
प्रो. तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड में औषधीय पौधों की खेती की अपार संभावना है किंतु इसके लिए नियम बनाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि ईसबगोल, सीना, सोन पत्ती, गिलोय व अश्वगंधा आदि औषधीय पौधों की मांग बहुत अधिक है।

### उत्तराखंड की सब्जी लिंगुड़ा सहित वैकल्पिक भोजन योग्य पौधों को विश्व में प्रचारित करना जरूरी : डॉ. अरुण

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं विश्वविद्यालय मानव संसाधन केंद्र में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में अमेरिका के पियुरो रीको विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर और विजिटिंग साइंटिस्ट डॉ. आलोक अरुण ने ह्यजीनोम बायोलॉजी ऑफ अंडर यूटिलाइज्ड क्रॉप्स फॉर फूड एंड न्यूट्रीशन सिक्योरिटीह्ल पर व्याख्यान दिया। डॉ. अरुण ने कहा कि दुनिया में 80 हजार पौधे खाने योग्य हैं जबकि 150 प्रजातियां ही अधिक मात्रा में उगाई जाती हैं। भविष्य की भोजन की आवश्यकताओं को देखते हुए अन्य प्रजातियों का प्रयोग भी करना होगा। उन्होंने बताया कि विदेशों में लोग ह्यअल्टरनेट फूड सिक्यूरिटीह्ल के तहत अन्य पौधों को भी भोजन में शामिल कर रहे हैं। इसके लिए कुछ स्थानीय फसलों को विश्व में प्रचारित करना जरूरी है। इसी कड़ी में उन्होंने उत्तराखंड की सब्जी लिंगुड़ा के गुणों को रेखांकित करते हुए इसे भोजन में शामिल करने की वकालत की। इस दौरान शोध एवं विकास सेल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने कहा कि शोध ही समस्याओं का निदान करने का सबसे कारगर उपाय है।

# मातृ सदन आश्रम में अज्ञात व्यक्ति की मौजूदगी गंभीर खतरे का संकेत: स्वामी शिवानंद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
मातृ सदन आश्रम, जगजीतपुर, कनखल में अज्ञात व्यक्ति की मौजूदगी को लेकर मातृ सदन के स्वामी शिवानंद ने किसी बड़े षड़यंत्र की आशंका जताई है। उन्होंने आरोपी को पुलिस के हवाले सौंपकर एवं प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। मातृ सदन आश्रम में पत्रकारों से वार्ता करते हुए स्वामी शिवानंद महाराज ने कहा कि 11 अगस्त की रात्रि को करीब 10 बजे आश्रम में अज्ञात व्यक्ति की मौजूदगी से गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। खनन माफियाओं की शह पर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की नीयत से आश्रम में घुसा था। बार-बार पूछने पर भी शातिर अपराधियों की तरह गोलमोल जवाब देता रहा। बाद में पुलिस के सुपुर्द किया गया है। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त की रात ही ब्रह्मचारी दयानंद व ब्रह्मचारी सुधानंद किसी अन्य आवश्यक काम से आश्रम से बाहर थे, जिससे यह भी स्पष्ट हो रहा है कि उनके जाते ही यह व्यक्ति आश्रम के अंदर प्रवेश कर गया। वह उस कमरे के अंदर किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की नियत से छुप कर सही मौके का इंतजार कर रहा था,लेकिन आश्रम के रसोईया और एक संत ने देख लिया। बाद में आरोपित को जगजीतपुर पुलिस के हवाले कर दिया है।
उन्होंने कहा कि मातृ सदन स्टोन क्रशर, खनन माफियाओं और



सीबीआई इत्यादि के विरुद्ध निरंतर संघर्ष कर रही है। यहां के माफिया उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर बार-बार षड्यंत्र कर रहे हैं जिसका हमारे पास प्रमाण है। यही कारण है कि अनेक बार शिकायती पत्र देने पर भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, इसलिए इस वारदात का संज्ञान लेते हुए जिन-जिन व्यक्तियों ने यह रिपोर्ट दिया है कि मातृ सदन की सुरक्षा चारों तरफ से ठीक है उन-उन व्यक्तियों के विरुद्ध भी शिकायत दर्ज कर तत्काल कार्यवाही की जाए।
बताया कि इससे पूर्व भी 6 अगस्त को एक अन्य शिकायत, जो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार को भेजी गई थी।
उन्होंने बताया कि इस पत्र को शिकायती प्रार्थना पत्र के तौर पर लेते हुए तत्काल इस शिकायत को दर्ज करें और संदिग्ध व्यक्ति, जिसे पुलिस को रात में सुपुर्द कर दिया गया है, के खिलाफ उचित धाराओं में कानूनी कार्यवाही की जाए।

## गुरुकुल में 50 एनसीसी कैडेट्स का चयन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के एनसीसी यूनिट ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए छात्र-छात्राओं का एनसीसी यूनिट में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, जिसमें प्रवेश पाने के इच्छुक छात्र-छात्राओं ने लिखित परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्रतिभाग किया।
विश्वविद्यालय की एनसीसी यूनिट के प्रभारी कैप्टन राकेश भूटियानी ने बताया कि इन दोनों परीक्षाओं में लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें से 50 एनसीसी कैडेट्स का चयन किया गया।

# पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**अभियान**

8 लक्सर के रुड़की और बालावाली तिराहे पर पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाया।

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सीओ ट्रैफिक ने लक्सर पुलिस और सीपीयू यातायात निरीक्षक की टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया।
इस दौरान टीम ने दो दर्जन से अधिक वाहनों का चालान किया है। साथ ही लोगों को यातायात का पाठ भी पढ़ाया। दरअसल कस्बे और देहात में ग्रामीणों द्वारा बिना



हेलमेट, तेज आवाज वाले हार्न और मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर पटाखे की आवाज निकाले जाने की शिकायत पुलिस को मिल रही थी।
लक्सर के रुड़की और बालावाली तिराहे पर पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने बिना हेलमेट ओवर स्पीड, नेम प्लेट सही न लगाने पर दो दर्जन से अधिक वाहन चालकों का चालान किया है। इसी दौरान पुलिस ने लोगों को बताया कि हेलमेट बेहद अनिवार्य है, क्योंकि जरा सी लापरवाही से व्यक्ति की जान जा सकती है।

# बैराज का गेट टूटने के मामले में दो अधिकारियों पर गिरी गाज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भीमगोड़ा बैराज के टूटने में उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। गेट टूटने की शासन स्तर पर हुई जांच में सिंचाई विभाग के अधिकारों की लापरवाही सामने आई है। सिंचाई विभाग ने कार्रवाई करते हुए हरिद्वार एसटीओ शिवकुमार कौशिक और अधिशासी अभियंता नलिन वर्धन को निलंबित कर दिया गया। इसके बाद उन्हें हरिद्वार से हटा दिया गया है।
अधीक्षण अभियंता मेरठ के द्वारा की गई जांच में एसडीओ और अधिशासी अभियंता को पूरे मामले में लापरवाही मिलने पर निलंबित करते लखनऊ अटैच कर दिया गया है। इस प्रकरण के



बाद उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के एसडीओ अनिल कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है।
गौरतलब है कि 16 जुलाई को हरिद्वार के भीमगोड़ा बैराज नंबर 10 अचानक टूट गया था। इससे हड़कंप गया था। उस समय गंगा का जल स्तर भी खतरे के निशान को छू रहा था और अलर्ट जारी किया गया था।
बैराज का गेट टूटने के बाद स्थिति को बामुश्किल कंट्रोल किया गया था। छह पेज की जांच रिपोर्ट में सामने आया कि एसडीओ शिवकुमार द्वारा घटना की सही जानकारी समय पर नहीं दी गई और कार्य में लापरवाही बरती गई।
इसी के साथ उनके द्वारा कर्मचारियों के साथ आपसी तालमेल न होना पाया गया।

# उत्तराखंड में 14 अगस्त तक 06 जिलों में रेड अलर्ट, 164 सड़कें बाधित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में लगातार हो रही बरसात से गंगा सहित अन्य सहायक नदियां उफान पर हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की घटनाएं लोगों पर आफत बन टूट रही है। इससे यात्रियों और लोगों को आवागमन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
राज्य में दो राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 164 अन्य सड़कें अवरुद्ध हैं। गौरीकुंड में अब तक 07 शव बरामद किये जा चुके हैं। राज्य में तीन दिनों के लिए कहीं-कहीं भारी से अत्यंत भारी बारिश का रेड अलर्ट सहित 16 अगस्त तक के लिए ऑरेंज और येलो जारी किया गया है।
देहरादून सहित राज्यभर में सुबह



से ही आसमान में बादलों ने डेरा डाला हुआ है। हल्की बूंदाबांदी के साथ बारिश का दौर जारी है। सुबह से ही सूर्यदेव बादलों की ओट में छिपे हुए हैं। दोपहर डेढ़ बजे के करीब देहरादून सहित अन्य स्थानों पर मध्यम से तेज गति की बारिश हो रही है। आज शहर में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश के आसार के साथ गरज-चमक के साथ बरसात के तीव्र दौर की संभावना को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है।
हरिद्वार में गंगा का जल स्तर 292.65 मीटर के खतरे के निशान से नीचे बह रहा है। पिथौरागढ़ में काली,सरयू और गोरी और चम्पावत में शारदा, बागेश्वर में गोमती व चमोली में अलखनंदा पिंडर और उत्तरकाशी में भागीरथी नदी खतरे के निशान से अभी नीचे हैं। टिहरी बांध का जलस्तर 816.69 मीटर है।
केदारनाथ मार्ग पर गौरीकुंड में 03 अगस्त को भूस्खलन में लापता लोगों में आज सर्च के दौरान मलबे में से 02 शव और बरामद किये गए हैं, जिनकी शिनाख्त अनिता वोहरा पत्नी अमर वोहरा व जटिल पुत्र अमर वोहरा, निवासी नेपाल के रूप में हुई। अब तक कुल मिले शवों की संख्या 07 हो गयी है। अभी भी 16 लापता लोगों के खोजबीन के लिए सर्च अभियान जारी है। दोस्तों के संग घूमने ग्राम रोलिया वास, जिला रेवाड़ी हरियाणा निवासी आज ऋषिकेश रामझूला पुल के पास गंगा नदी में नहाते समय अनियंत्रित होकर बह गया है। एसडीआरएफ खोजबीन के लिए सर्च अभियान चला रही है।
प्रदेश में मौसम विभाग की ओर से जारी पूवार्नुमान के मुताबिक आज से लेकर 14 अगस्त तक के लिए पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल, देहरादून, नैनीताल, उधम सिंह नगर, चंपावत सहित 06 जिले के लिए कहीं-कहीं अत्यंत भारी बारिश और कुछ जगह पर भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट और हरिद्वार के लिए ऑरेंज तथा अन्य जनपदों के येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा राज्य के पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल,देहरादून, नैनीताल, उधम सिंह नगर, चंपावत के लिए 15 और 16 अगस्त के लिए ऑरेंज और हरिद्वार जिले सहित अन्य जिले में येलो अलर्ट है।
राज्य आपदा परिचालन केन्द्र से जारी बुलेटिन में बताया गया है कि टिहरी जिले में 02 राष्ट्रीय और 13 राज्य मार्ग सहित करीब 164 अन्य सड़कें बाधित हैं।

# गौरीकुंड हादसे में 23 लापता लोगों में महिला और बच्ची का शव बरामद

**गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में केदारनाथ बेस कैंप के गौरीकुंड में डाटपुलिया के पास तीन अगस्त की रात हुए भूस्खलन में लापता लोगों की तलाश कर रहे राहत और बचाव दल ने आज सुबह एक महिला और बच्ची का शव बरामद कर लिया है। भारी बरसात के दौरान हुए भूस्खलन में तीन दुकानों में सो रहे 23 लोग पानी के सैलाब में बह गए थे। अब तक सात लोगों के शव बरामद हो चुके हैं। यह जानकारी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने दी।
उन्होंने बताया कि डीडीआरएफ,



एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, वाईएमएफ, पुलिस और प्रशासन की टीमें 16 अन्य लापता लोगों की तलाश में जुटी हुई है। रेस्क्यू अभियान के नौवें दिन सुबह एक बच्ची और एक महिला का शव मिला है। उनकी शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।

# कांग्रेस की नीतियों से क्षुब्ध होकर भाजपा की सदस्यता ली: रंजीत दास



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी बागेश्वर उप चुनाव के लिए पूरी तरह कमर कस चुकी है। कांग्रेस के 2022 के प्रत्याशी रंजीत दास ने नाटकीय घटनाक्रम के तहत भाजपा का हाथ थाम लिया।
शनिवार की प्रातःकाल रंजीत दास मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिले और दोपहर भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकार वार्ता कर भाजपा में आने की परिस्थितियों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस पहले वाली कांग्रेस नहीं रही है। कांग्रेस में अर्थपतियों का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी से आए एक अर्थपति को कांग्रेस पार्टी में लाकर कार्यकताओं को निराश किया है। कांग्रेस के इस आचरण से मेरा मन खट्टा हो गया और मैंने यह निर्णय लिया कि युवाओं के लिए विशेष प्रयास कर रहे पुष्कर सिंह धामी के हाथ को मजबूत करूं। दास ने भाजपा सरकार के दर्जनों कामों को गिनाते हुए कहा कि एक ओर कांग्रेस में पूंजीपतियों को महत्व मिल रहा है तो दूसरी ओर भाजपा जनहित ऐसे महत्वपूर्ण कार्य कर रही है जो अब तक नहीं हुए। इसीलिए मैंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा केंद्र की मोदी सरकार के कामों को देखते हुए भाजपा में आने का मन बनाया और आज मुख्यमंत्री धामी से मिलकर भाजपा की सदस्यता ले ली है। प्रदेश कार्यालय में जिस तरह से मेरा स्वागत हुआ है, वह अपने आप में महत्वपूर्ण है। दास ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विशाल मतों से जीत दिलाना हमारा दायित्व है और पार्टी के इस उद्देश्य को पूरी तरह सफल करेंगे।
इस अवसर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने रंजीत दास का पटका पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस की कार्य शैली में काफी अंतर है। हमारे लिये जनता जनार्दन ही सबकुछ है। उन्होंने कहा कि समग्र समाज के लिए काम करना भाजपा की प्राथमिकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि रंजीत दास के आने से भाजपा को और मजबूती मिलेगी। हम उनका पार्टी में स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि रंजीत दास का सम्मान कम नहीं होने दिया जाएगा।
इससे पूर्व पार्टी महासचिव आदित्य कोठारी और प्रवक्ता मधु भट्ट ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा रंजीत दास व अन्य अतिथियों का स्वागत किया।
2022 के चुनाव में चंदन रामदास को 32211 और रंजीत दास को 20070 वोट मिले थे।

# भाजपा-कांग्रेस ने बागेश्वर उपचुनाव के लिए कसी कमर

**कयास**

**8 सूत्रों के अनुसार भाजपा इस चुनाव में गौरव दास को अपना प्रत्याशी बनाने जा रही है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा विधायक चंदन रामदास के निधन से खाली हुई बागेश्वर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने कमर कस ली है। उम्मीदवारों के चयन में जुटी दोनों पार्टियों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की सूची तैयार की जा चुकी है और उन्हें हाई कमान की मंजूरी के लिए भेजा जा चुका है। दोनों पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए है। अब इसकी महज औपचारिक घोषणा होना ही बाकी है। प्रदेश भाजपा ने भले ही तीन नामो का पैनल पार्लियामेंट्री बोर्ड के लिए भेजा है। इसमें चंदन रामदास की पत्नी पार्वती दास और बड़े बेटे गौरव दास और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा आर्य के नाम शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार भाजपा इस चुनाव में गौरव दास को अपना प्रत्याशी बनाने जा रही है। वही अपने पिता की राजनीतिक विरासत हासिल करने के लिए चुनाव मैदान में उतरने वाले हैं। इसके संकेत प्रदेश अध्यक्ष के उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाने से मिल रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जिस व्यवस्था से समाज का अस्तित्व बने वह यज्ञ है : आचार्य

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कोई भी योजना व्यवस्था, जिसके माध्यम से हम अपने अस्तित्व के बीच कोई सेतु बनाएं और जिस व्यवस्था से समाज, जगत का अस्तित्व बन जाये उसी व्यवस्था का नाम यज्ञ है। यह बात शनिवार को विश्व कल्याण के लिए पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण के छठवें दिन कथावाचक आचार्य शिवप्रसाद ममगांई ने कही।
आचार्य शिवप्रसाद ने कहा कि ज्ञान वैराग्य के बिना भक्ति बोझिल है। भक्ति विहीन जीवन निःस्वाद है जैसे कई प्रकार के व्यंजन बनने पर भी नमक के बिना स्वाद नही आता, उसी प्रकार सुख प्राप्ति पर भी यदि भक्ति नही है तो ऐसे जीवन की निःस्वादता है। ज्ञान की बातें करने की नही हैं अपितु अनुभव करनी की है। ज्ञानी पुरुष में किसी समय भी ज्ञान का अभिमान नहीं रहता है। प्राणियों के ऊपर परमात्मा प्रेम की वर्षा करते हैं। जीव इस लायक न हो तब भी परमात्मा उसे पैसे और प्रतिष्ठा देते हैं। जीव दुष्ट है किंतु परमात्मा दयालु हैं।
आज विशेष रूप से वीना जोशी, प्रेम पेटवाल, सावित्री देवी, गुड्डी पेटवाल, परवीन ममगांई, पुष्पा सुन्दरियाल, डॉ. कुशाग्र और सृष्टि शर्मा, प्रवीन ममगांई कामाक्षी ममगांई, आचार्य नथी लाल भट, आचार्य दामोदर सेमवाल, आचार्य संदीप बहुगुणा, आचार्य दिवाकर भट्, आचार्य हिमांशु मैठानी, आचार्य सूरज पाठक, शतक्षी नैथानी, यथार्थ नैथानी आदि उपस्थित थे।

### रंजीत दास के भाजपा में जाने पर बोले माहरा, दास को अपनी जीत पर भरोसा नहीं था

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी रंजीत दास के भाजपा में शामिल होने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रंजीत दास को अपनी जीत का भरोसा नहीं था, इसीलिए वह भाजपा में गए हैं।
शनिवार को भाजपा में शामिल होने पर रंजीत दास पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रंजीत दास को बागेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ाया था। इसके बाद 2022 का विधानसभा का प्रत्याशी भी बनाया था, लेकिन वे हार गए थे। बागेश्वर उपचुनावों के लिए तीन नामों के पैनल में रंजीत दास का नाम भी शामिल किया गया था। उन्हें लगता है कि रंजीत दास को अपनी जीत पर भरोसा नहीं था, इसलिए वे भाजपा में गए। साथ ही उन्होंने कहा कि इस घटना से कांग्रेस कार्यकताओं आक्रोश में है और उन्होंने भाजपा से इसका बदला लेने की ठान ली है।

### रंजीत दास के भाजपा में जाने पर बोले माहरा, दास को अपनी जीत पर भरोसा नहीं था

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी रंजीत दास के भाजपा में शामिल होने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रंजीत दास को अपनी जीत का भरोसा नहीं था, इसीलिए वह भाजपा में गए हैं।



शनिवार को भाजपा में शामिल होने पर रंजीत दास पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रंजीत दास को बागेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ाया था। इसके बाद 2022 का विधानसभा का प्रत्याशी भी बनाया था, लेकिन वे हार गए थे। बागेश्वर उपचुनावों के लिए तीन नामों के पैनल में रंजीत दास का नाम भी शामिल किया गया था। उन्हें लगता है कि रंजीत दास को अपनी जीत पर भरोसा नहीं था, इसलिए वे भाजपा में गए। साथ ही उन्होंने कहा कि इस घटना से कांग्रेस कार्यकताओं आक्रोश में है और उन्होंने भाजपा से इसका बदला लेने की ठान ली है।

## आठ उपनिरीक्षक/अपर उपनिरीक्षक स्थानान्तरित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस उप महानिरीक्षक/एसएसपी दिलीप कुंवर ने आठ उपनिरीक्षक के स्थानन्तरण कर दिए हैं।
राकेश पंवार को सेलाकुई से कैंट भेजा गया है जबकि दीपा मल्ल को पुलिस लाइन से साइबर शाखा, पूनम शाह को पुलिस लाइन से शिकायत प्रकोष्ठ, नमिता सैनी को कोतवाली ऋषिकेश से रानीपोखरी, सरोज नौटियाल को को रानीपोखरी से ऋषिकेश, रतन सिंह को पुलिस लाइन से कोतवाली ऋषिकेश, शैलेन्द्र कंडवाल को राजपुर से थाना त्यूनी और योगेन्द्र कुमार को पुलिस लाइन से थाना रायवाला भेजा है।

# भूस्खलन खतरे की जद में आए नौ परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया

**भूस्खलन**

**8 जोशीमठ का पगनो ग्राम भूस्खलन की चपेट में है। पेयजल लाइन और रास्ते क्षतिग्रस्त हो गए हैं**



**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
जोशीमठ प्रखण्ड का पगनो ग्राम भूस्खलन की चपेट में है। लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण पेयजल लाइन और रास्ते क्षतिग्रस्त हो गए हैं। एसडीएम के नेतृत्व में पहुंची प्रशासन की टीम ने खतरे की जद में आए नौ परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया। पगनो गांव की ठीक ऊपर से हो रहे भूस्खलन के कारण ग्रामीण खासे परेशान हो चले हैं। लगातार भूस्खलन को देखते हुए एसडीएम कुमकुम जोशी के नेतृत्व में प्रशासन व वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर भूस्खलन प्रभावित ग्रामीणों की सुध ली। प्रशासन की टीम ने खतरे की जद मे आए नौ परिवारों को गांव मे ही सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया। इनके अलावा खतरे की जद मे आए प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्र को भी जूनियर हाईस्कूल में शिफ्ट कर दिया गया है।एसडीएम ने पेयजल लाइन दुरुस्त करने व पैदल मार्ग की मरम्मत के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। प्रशासन द्वारा एक परिवार को टेन्ट उपलब्ध कराया गया जबकि एक अन्य परिवार को किराए पर घर लेकर शिफ्ट किया, कुछ परिवारों ने अस्थाई आवास व्यवस्था के लिए टिन सीट की मांग की है।
भूस्खलन प्रभावित पगनो गांव के स्थल निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार अर्जुन सिंह बिष्ट, उप प्रभागीय वनाधिकारी एसएस रावत व राजस्व उप निरीक्षक चन्द्र प्रकाश रौंतियाल भी मौजूद रहे।

# ठगी प्रकरण की पुलिस कर रही है जांच : सरिता

**गाज**

**8 मुख्यमंत्री का निजी सचिव बनकर टेंडर दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अधिकारी पर गाज गिरी है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री का निजी सचिव बनकर टेंडर दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अधिकारी पर गाज गिरी है। पूर्व निजी सचिव सहित सात लोगों ने पंजाब के भाजपा नेता और उसके साथियों को सचिवालय में सरकारी टेंडर दिलाने और दवा सप्लाई के काम का झांसा देकर 3 करोड़ 42 लाख रुपये की ठगी कर डाली। भाजपा नेता संजीव कुमार की तहरीर के आधार पर नगर कोतवाली में पूर्व निजी सचिव प्रकाश चंद उपाध्याय सहित 7 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसपी सिटी सरिता डोभाल ने शनिवार को बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर प्रकाश चंद उपाध्याय सहित सौरभ शर्मा उनकी पत्नी नंदिनी,महेश, रौनक,अमित लंबा और शाहरुख खान के खिलाफ मुकदमा नगर कोतवाली में पंजीकृत कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गुरुकुल में 50 एनसीसी कैडेट्स का चयन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के एनसीसी यूनिट ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए छात्र-छात्राओं का एनसीसी यूनिट में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, जिसमें प्रवेश पाने के इच्छुक छात्र-छात्राओं ने लिखित परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्रतिभाग किया।
विश्वविद्यालय की एनसीसी यूनिट के प्रभारी कैप्टन राकेश भूटियानी ने बताया कि इन दोनों परीक्षाओं में लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें से 50 एनसीसी कैडेट्स का चयन किया गया।

# कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद ने वीर अमर बलिदानी प्रदीप की 5वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
वीर अमर बलिदानी प्रदीप रावत की 5वीं पुण्यतिथि पर पुरानी चुंगी निकट परशुराम चौक पर श्रद्धांजलि सभा हुई। क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने भारी बारिश के बीच अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।
शनिवार को पुरानी चुंगी निकट परशुराम चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मंत्री डॉ. अग्रवाल ने कहा कि 10 अक्टूबर 1990 को सैनिक कुंवर सिंह रावत के परिवार में हुआ। तीन बहनों के इकलौते भाई प्रदीप ने प्रारंभिक शिक्षा भगवती देवी पूणानंद महाराष्ट्र निवास सरस्वती शिशु मंदिर से की। उन्होंने कहा कि इसके बाद कक्षा छह से उन्होंने सरस्वती विद्या मंदिर आवास विकास तथा 12वीं की परीक्षा उन्होंने श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज से उत्तीर्ण की। 19 मार्च 2010 में उन्होंने सेना में दाखिला पाया। 10 अक्टूबर 2013 को स्पेशल फ्रन्टियर फोर्स में उनका चयन किया। कहा कि 02 अप्रैल 2017 में उनकी तैनाती उड़ी सेक्टर में हुई। इसके बाद 12 अगस्त 2018 को वह सीमा पर बलिदान हो गए।
डॉ. अग्रवाल ने कहा कि हमारी सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, चाहे कोई भी चुनौती क्यों न हो, देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा में कोई समझौता नहीं किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि भारत एक शांतिप्रिय राष्ट्र है जो अपने सदियों पुराने मूल्यों में विश्वास करता है और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के प्रति प्रतिबद्ध है, लेकिन अपने हितों की रक्षा के लिए हम नियंत्रण रेखा पार करने में संकोच नहीं करेंगे। पहले देश और सशस्त्र बलों में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी थी, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार ने इस कमी को दूर कर दिया है। हम अपनी सेनाओं के साथ मजबूती से खड़े हैं।
डॉ. अग्रवाल ने कहा कि जिस घर, परिवार से सैनिक निकलते हैं, वह घर और परिवार पूजनीय होता है। उस परिवार पर ईश्वर की विशेष कृपा होती है।

# बारिश प्रभावित क्षेत्रों का महापौर ममगांई ने किया निरीक्षण



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
तीर्थ नगरी ऋषिकेश में मूसलाधार बारिश के चलते बारिश प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का महापौर अनिता ममगांई ने निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल सुरक्षात्मक उपाय करने के आदेश जारी किये।
शनिवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ शहर के बारिश प्रभावित क्षेत्रों का महापौर ने बारीकी के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि अगर कोई घटना सामने आती है तो प्रभावितों की तत्काल मदद की जाये।
महापौर ने कहा कि भारी बारिश के मद्देनजर गंगा और उसकी सहायक नदियों, नालों में भारी जलप्रवाह हो रहा है। तटीय इलाकों के लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आसमान से बरस रही प्राकृतिक आपदा की वजह से पूरे उत्तराखंड में लोग समस्याओं से जूझ रहे हैं जिन्हें राहत पहुंचाने के लिए प्रदेश की धामी सरकार तत्परता से जुटी हुई है।
उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे सतर्कता बढ़ाएं तमाम क्षेत्रों में कीटनाशक दवाओं का लगातार छिड़काव हो ताकि बारिश रुकने पर डेंगू का खतरा ना पनप सके। उन्होंने अधिकारियों को खासतौर पर प्रभावित लोगों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि सरकारी मशीनरी बारिश प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय रूप से लगी हुई है। इस दौरान मुख्य नगर आयुक्त राहुल कुमार गोयल, अधिशासी अभियंता दिनेश उनियाल, पार्षद अनीता रैना, विजय बडोनी,उमा बृजपाल राणा, अनिल ध्यानी, सतवीर तोमर, बृजपाल राणा, पवन शर्मा, गौरव कैंथोला , पुष्पा पुंडीर, पितांबर दत्त घड़ियाल, उमा धतरवाल ,पिंटू, मुकेश कंडारी, त्रिलोक रावत, दीपक पोखरियाल, सतीश अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड : जनभागीदारी करने वाले विशिष्टजन लाल किले के स्वतंत्रता समारोह में आमंत्रित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्र और सरकार की योजनाओं और समाज में 'जनभागीदारी' सुनिश्चित करने वाले उत्तराखंड के विशिष्ट लोग दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के साक्षी बनेंगे। ऐसे विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्टजनों ने अपने को विशेष अतिथि के रूप में देश की राजधानी में होने वाले आजादी के पर्व समारोह में आमंत्रित करने पर बहुत खुशी जतायी है।
इस आमंत्रण के तहत वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के सरपंच, शिक्षक, नर्स, किसान, मछुआरे, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), सेंट्रल विस्टा परियोजना, अमृत सरोवर योजना, जल जीवन मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि, कौशल विकास योजना आदि जैसे प्रमुख कार्यक्रमों में काम करने वाले लोग शामिल हैं । विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ह्यविशेष अतिथिह्न के रूप इस स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया गया है।
उत्तराखंड के विभिन्न केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी 15 अगस्त को दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में विशेष अतिथि के रूप में स्वतंत्रता दिवस समारोह के साक्षी बनेंगे। जल जीवन मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, अमृत सरोवर योजना, सेंट्रल विस्टा परियोजना आदि जैसे विभिन्न प्रमुख कार्यक्रमों से संबंधित लगभग 1,700 लोगों को प्रतिष्ठित स्मारक की प्राचीर से प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को सुनने के लिए आमंत्रित किया गया है।



उत्तराखंड के आमंत्रित लोगों में नैनीताल के ग्राम रणजीतपुर (कोटाबाग) के दिनेश चंद्रा त्रिपाठी का नाम शामिल है। दिनेश चंद्र त्रिपाठी 521 किसानों के साथ एक किसान उत्पादक संगठन चलाते हैं। उन्होंने लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लाइव सुनने के लिए अपनी खुशी और उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह उनके और उनकी पत्नी रीनू त्रिपाठी के लिए गर्व का क्षण है। त्रिपाठी ने कहा कि उनके एफपीओ बुरांश फार्मर प्रोड्यूस कंपनी लिमिटेड का उद्देश्य प्रधानमंत्री के किसानों की दोगुनी आय के सपने को साकार करना है। उन्होंने बताया कि उनके एफपीओ में किसान मंडवा, झंगोरा, सोयाबीन आदि फसलों का उत्पादन करते हैं।
उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के सुदूर इलाके भटवारी के झाला गांव के एक अन्य एफपीओ लाभार्थी भरत सिंह रौतेला ने कहा कि नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह का हिस्सा बनने का निमंत्रण मिलने के बाद उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। पीआईबी देहरादून से बात करते हुए रौतेला ने कहा कि इससे पहले उनके एफपीओ उपला टकनौर कृषक उत्पादक संगठन स्वयत्त सहकारिता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'चटनी' भेजी थी । उन्होंने बताया कि इसके बाद उनके गांव के ग्राम प्रधान को पीएम का एक पत्र मिला जिसमें उनके एफपीओ की 'चटनी' का जिक्र था। भरत सिंह रौतेला अपनी पत्नी सुनीता रौतेला के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेंगे।
जल जीवन मिशन (जेजेएम) ने उत्तराखंड का जीवन बदल दिया है। राज्य से इसके लाभार्थियों को अब नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में बुलाया जा रहा है। जेजेएम की लाभार्थी भावना शर्मा खुश हैं और नई दिल्ली में अपने पति मनोज शर्मा के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का हिस्सा बनने को ले कर गर्व और उत्साहित महसूस कर रही हैं।
ग्राम जल स्वच्छता समिति के तहत महिला प्रशिक्षण का नेतृत्व करने वाली भावना का कहना है कि जेजेएम ने विशेष रूप से उनके गांव पिपलधार डाकघर गनाई, जिला अल्मोड़ा की महिलाओं के जीवन को बदल दिया है। उन्होंने पीआईबी को बताया कि 200 से अधिक महिलाओं को उन्होंने जेजेएम प्रशिक्षण दिया है और वह सुरक्षित पेयजल के लिए जागरूकता अभियान भी चलाती हैं।
ग्राम क्यारकुली भट्टा, मसूरी से जेजेएम की एक अन्य लाभार्थी, कौशल्या देवी रावत, जो ग्राम प्रधान भी हैं, अपने पति राकेश रावत के साथ नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेंगी। वह कहती हैं कि लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री को लाइव बोलते देखना जीवन का एक स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी उन्हें 2021 में जल समितियों के एक संवाद कार्यक्रम के दौरान पीएम के साथ बातचीत करने का अवसर मिला था।

